प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत की विज्ञान और नई ऊर्जा के साथ प्रगति पर जताया गर्व : कहा– भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश में खुशी की लहर।
- प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भरता से बनेगा 2047 में विकसित भारत : लोगों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने और बेचने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर, चित्रकूट और झांसी मंडल के जनप्रतिनिधियों से किया संवाद : योजनाओं के समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर दिया जोर।
- प्रदेश भर के 2382 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई समीक्षा अधिकारी–सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा : चार लाख चौवन हजार 997 अभ्यर्थी हुए शामिल।
- उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में उत्तर प्रदेश के चार श्रद्धालुओं समेत छह की मौत : मुख्यमंत्री ने की मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

*अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर सुरक्षित उतरे लोग उछल पड़े। हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया। अब छोटे–छोटे बच्चे कहते हैं। हम भी स्पेस में जाएंगे। हम भी चांद पर उतरेंगे। स्पेस साइंटिस्ट बनेंगे।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की वापसी के जिक्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुभांशु की बहन सुची मिश्रा ने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री के प्रयासों से ही संभव हो सका है।

*सुन के बहुत अच्छा लगा, जैसा उन्होंने बोला अभी मन की बात अपने शो में कि यह केवल एक आदमी की या एक ग्रुप की सक्सेज नहीं है यह पूरे भारतवासियों की प्रेरणा का स्रोत है कि उन्होंने इतना काम किया और प्राउड फीलिंग हो रही है। सभी को जो वो मिशन पर गये और सेफली वापस भी आये हैं सभी को बहुत अच्छा लग रहा है। एमस्योर और जैसे*

*उन्होंने बधाइयां दीं और भाई की इतनी तारीफ की मुझे भी बहुत अच्छा लग रहा है यह सुन कर।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने गणित के क्षेत्र में भी अपनी पहचान मज़बूत की है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अगले महीने मुंबई में, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलिंपियाड का आयोजन होगा।

श्री मोदी ने कहा कि 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्म–निर्भरता से होकर गुज़रता है और आत्मनिर्भरता भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम वही खरीदें और बेचें जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहार और परम्पराएं भारतीय संस्कृति का एक बड़ा आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान और इतिहास का दस्तावेजीकरण करना ज़रूरी है। श्री मोदी ने कहा कि असाधारण ज्ञान और विरासत को सहेजना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। श्री मोदी ने कहा कि इससे प्रेरित होकर इस वर्ष बजट में ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की गई है।

*ज्ञान भारतम् मिशन, इस मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटलाइज किया जाएगा। फिर नेशनल डिजिटल डिपॉजिटरी बनाई जाएगी। जहां दुनियाभर के विद्यार्थी शोधकर्ता भारत के ज्ञान परंपरा से जुड़ सकेंगे।*

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए बांदा जिले के कालिंजर किले का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह किला केवल ईंट–पत्थर का ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अब एक जन आंदोलन बन गया है। इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े हैं। इस क्रम में उन्होंने लखनऊ में जारी स्वच्छता अभियान का जिक्र करते हुए कहा–

*लखनऊ की गोमती नदी टीम का जिक्र भी जरूरी है। दस साल से हर रविवार बिना थके, बिना रूके इस टीम के लोग स्वच्छता के काम में जुटे हैं।*

प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाली तीज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर कानपुर, चित्रकूट और झांसी मंडलों के विधायकों के साथ विशेष संवाद बैठक की। एक रिपोर्ट..

*मुख्यमंत्री ने विशेष संवाद बैठक के दौरान तीनों मंडलों के सभी विधानसभा क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है। मुख्यमंत्री ने सरकारी घोषणाओं और विकास योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करने पर बल दिया और सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मोहम्मद उमैर।*

—————————

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी–सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में निर्विघ्न और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में 10 लाख 76 हजार 4 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4 लाख 54 हजार 997 शामिल हुए। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश भर में 2382 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें कानपुर सबसे अधिक 139, लखनऊ में 129, प्रयागराज में 106 और वाराणसी में 82 केंद्र शामिल थे। इसके अलावा एआई आधारित अलर्ट सिस्टम, सीसीटीवी स्ट्रीमिन और एसटीएफ की कड़ी निगरानी से परीक्षा को पूरी तरह नकल मुक्त और पारदर्शी बनाया गया।

—————————

सावन महीने के तीसरे सोमवार को लेकर प्रदेश भर के प्रमुख मंदिरों और शिवालयों में विशेष तैयारियां की गई हैं। भक्तों को सुगम और सुरक्षित दर्शन कराने के लिए प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किये हैं। कल सावन के तीसरे सोमवार पर काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का श्रृंगार अर्धनारीश्वर के रूप में किया जायेगा। उधर अयोध्या में सावन मास का प्रसिद्ध मणिपर्वत मेला कड़ी सुरक्षा के बीच आज शुरू हो गया है।

*श्रावण शुक्ल तृतीया पर अयोध्या के एतिहासिक मणिपर्वत स्थल से पखवारे भर चलने वाला सावन झुला मेला शुरू हो गया.... मणिपर्वत स्थल पर प्रमुख मंदिरों से सिया और राम के चल विग्रह और स्वरूप रथों पर सुशोभित होकर आये तो कनक भवन के कनक बिहारी जू कहारों के कंधे पर सवार होकर पहुंचे... साथ चल रहे संत ,धर्माचार्य और भक्त वाद्य यंत्रों की*

*धुन पर थिरकते और धार्मिक जयघोष करते चल रहे थे... मेला स्थल पर वैदिक रीति से पूजन के बाद विग्रहों को विशालकाय वृक्षों पर पड़े झूलों पर सुशोभित कर दिया गया और फिर श्रद्धालुओं ने भगवान् के विग्रहों को झूला झुलाकर और मधुर उपासना के गीत से भक्तिमय वातावरण सृजित कर दिया। तनमय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

उधर, हरियाली तीज पर्व के अवसर पर मथुरा– वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर श्रद्धा और उल्लास की अनंत धारा में डूब गया। ठाकुर बांके बिहारी लाल ने भव्य हिंडोले में विराजमान होकर लाखों श्रद्धालुओं को दर्शन दिया। अपने आराध्य का दर्शन करने के लिए मंदिर परिसर से लेकर शहर की सड़कों पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी।

————————

देश के सत्रह सांसदों को कल नई दिल्ली में अनुकरणीय कार्यनिष्पादन के लिये सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन और राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा शामिल हैं।

————————

उत्तराखंड के हरिद्वार में, मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर भगदड़ से छह लोगों की मौत हो गई है और 20 अन्य घायल हो गये हैं। इस हादसे में उत्तर प्रदेश के रहने वाले चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में बरेली के आरूष, रामपुर जिले के विकी, बदायूं की शांति और बाराबंकी के वकील शामिल हैं। यह भगदड़ बिजली के हाई वोल्टेज तार गिरने से हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने बताया कि इलाक़े में करंट फैलने की अफवाह से मची अफरा–तफरी भगदड़ में तब्दील हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक जताया है और मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

————————

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस क्रम में लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि डॉक्टर कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्री आजाद ने कहा कि उनके इस योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

————————

जूनियर बॉयज़ नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप फॉर बी सी राय ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के बालकों ने अपने पहले मैच में त्रिपुरा की टीम को 5–1 से हराकर टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है।

मध्य प्रदेश के बालाघाट में चल रही इस चैंपियनशिप का मुकाबला शुरू होते ही यूपी के खिलाड़ियों ने आक्रामक ढंग अपनाते हुए पहले हाफ में तीन गोल किए जबकि त्रिपुरा ने

एक गोल किया। वहीं दूसरे हाफ में पंकज कुमार और भाविन जोशी ने गोलकर यूपी की बढ़त 5–1 कर दी। ग्रुप का अगला मैच अंडमान–निकोबार के विरुद्ध 28 जुलाई को खेलेगा।

————————